nt>

Title:Need to provide Central assistance for early completion of Ganga Pump Canal Project at Bateshwar in Bhagalpur, Bihar. − Laid.

श्री सुबोध राय (भागलपुर) : महोदय, भागलपुर से बटेश्वर स्थान पर गंगा पंप नहर योजना का निर्माण कार्य वर्षों से लंबित है। इस योजना के कार्यान्वयन हो जाने के बाद बिहार के पूर्वी क्षेत्र एवं झारखंड राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र में करीब बीस हजार एकड़ भूमि में सिंचाई कार्य सम्पन्न हो सकेगा। साथ ही इस क्षेत्र में कृषि का भरपूर विकास होगा और किसानों तथा खेत-मज़दूरों को पर्याप्त सुविधा प्राप्त होने के साथ ही दोनों राज्यों के विकास पर भी भारी असर पड़ेगा।

अतएव केन्द्र सरकार से मांग है कि कृषि क्षेत्र और राज्यों के विकास के हित में इस योजना का कार्यान्वयन शीघ्र अपने स्तर से कराया जाए।